# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 6 जून, 2025

वर्ष 01 | अंक 146 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# आनंद की साक्षी अवस्था को प्राप्त करने हेतु सहज योग महत्वपूर्ण माध्यम है



सहज योग संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी के अनुसार श्री कृष्ण जो हमारे शरीर में विशुद्धि चक्र के स्वामी हैं, श्री विष्णु शक्ति का पूर्ण अवतार हैं। भगवान श्री कृष्ण का मुख्य संदेश है साक्षीभाव की जागृति। यह संदेश जितना सरल दिखाई देता है उतना ही कठिन है। एक आत्मज्ञानी व्यक्ति ही इस संदेश की गूढ़ता को सही रूप में समझ सकता है। जब तक व्यक्ति को आत्मा का ज्ञान नहीं होता वह मस्तिष्क पर नियंत्रण नहीं कर सकता, और हमारा मस्तिष्क सोचता चला जाता है तथा अपने चारों ओर माया का फंदा बनाता जाता है और उसमें स्वयं ही फंसता जाता है। इस प्रकार हम साक्षी स्वरुप होने के भाव से कोसों दूर हो जाते हैं।

श्री माताजी के अनुसार, "यह सब खेल है अर्थात हमें इस नाटक का दर्शक बनना है, माया में हमें खो नहीं जाना है। आप यदि दर्शक हैं तो माया और उसकी कार्यशैली को देख सकते हैं।" इस साक्षी भाव को विकसित करने के लिए श्री माताजी ने हमें प्रतिक्रिया ना करने का मार्ग सुझाया है। आज के दौर में जब हम तमाम सोशल प्लेटफॉर्म्स से जुड़े हुए हैं छोटी-छोटी बातों या घटनाओं पर तीव्र प्रतिक्रिया करना हम अपना अधिकार मान बैठे हैं। प्रतिक्रियाओं के द्वारा हम अपने मन को इतना उलझा देते हैं कि हमारी निर्णय करने की शक्ति क्षीण हो जाती है। श्री माताजी के अनुसार, "मनुष्य प्रतिक्रिया तभी करता है जब उसका परमात्मा से संबंध विच्छेद हो जाता है।" श्री माताजी के समक्ष जब आप आत्म साक्षात्कार को प्राप्त कर लेते हैं तब आप परमात्मा की परम चैतन्यता को अनुभव कर पाते हैं और साक्षी भाव को भी प्राप्त कर लेते हैं। श्री माताजी कहती हैं कि बिना बोले, बिना कुछ कहे साक्षी अवस्था में आप शक्तिशाली हो जाते हैं तथा अनेक समस्याओं को सहज ही सुलझा पाते हैं। साक्षी अवस्था मानसिक स्थिति नहीं है अपितु यह आध्यात्मिक उत्थान की अवस्था है।

एक बार जब आप बाह्य चीजों के प्रति प्रतिक्रिया करना बंद कर देते हैं तो अंततः में प्रतिक्रिया होती है और अंतर्दर्शन प्रारंभ हो जाता है। साक्षी अवस्था में रहने वाले लोगों में कई रोचक परिवर्तन दिखाई देने लगते हैं उनकी स्मरण शक्ति का ह्रास कम हो जाता है, वे हर देखी हुई चीज की बारीकियों को बता सकते हैं, समस्याओं के सही समाधान ढूंढने में सक्षम हो जाते हैं, माया का प्रभाव ऐसे व्यक्तियों पर नहीं होता तथा वे सदैव आनंद की स्थिति में रहते हैं। आनंद की साक्षी अवस्था को प्राप्त करने हेतु सहज योग महत्वपूर्ण माध्यम है। अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी आप टोल फ्री नंबर 18700 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।

शुभारम्भ

# अंतरराष्ट्रीय रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ



इंदौर में एम.पी.स्पोर्ट्स केयर एवं खालसा एजुकेशन सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में खालसा स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान एवं केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने इस प्रतियोगिता का शुभारंभ कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मन्त्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी , विधायक रमेश मेंदोला , गोलू शुक्ला, महापौर पुष्यमित्र भार्गव ,नगर भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित अनेक खेलप्रेमी जनों की उपस्थिति रही।

# साइबर सुरक्षा-डिजिटल युग की अनिवार्यता

**नरेंद्र के यादव**

हाई कोर्ट एडवोकेट

आज का युग डिजिटल क्रांति का युग है। इंटरनेट ने जहां हमारे जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाया है, वहीं इसके साथ साइबर अपराधों का खतरा भी तेजी से बढ़ा है। ऑनलाइन ठगी, बैंकिंग धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग, पहचान चोरी (Identity Theft), और अश्लील कंटेंट के माध्यम से ब्लैकमेलिंग जैसे अपराध आम होते जा रहे हैं। ऐसे में साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

कैसे बचें साइबर अपराधों से? (सुरक्षा के उपाय) मजबूत पासवर्ड रखें: हमेशा अल्फाबेट, नंबर और स्पेशल कैरेक्टर मिलाकर पासवर्ड बनाएं। उदाहरण: Ra@2025$Safe अज्ञात लिंक या ईमेल पर क्लिक न करें: किसी भी अनजान नंबर या ईमेल से आए लिंक या अटैचमेंट पर क्लिक न करें। यह फ़िशिंग हो सकती है। पर्सनल जानकारी साझा न करें: बैंक डिटेल, OTP, आधार नंबर जैसी जानकारी किसी भी स्थिति में साझा न करें, चाहे सामने वाला खुद को कोई अधिकारी ही क्यों न बता रहा हो। सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतें: अपनी प्रोफाइल को सुरक्षित रखें और अनजान लोगों से जुड़ने से बचें। सॉफ्टवेयर और ऐप अपडेट करते रहें: मोबाइल, लैपटॉप में एंटीवायरस इंस्टॉल करें और समय-समय पर सिस्टम अपडेट करते रहें। डाटा का बैकअप लें: जरूरी फाइल्स का बैकअप अलग से सुरक्षित रखें यदि आप साइबर अपराध के शिकार हो जाएं तो क्या करें?

एक्सपर्ट एडवाइस



तत्काल सहायता के लिए कॉल करें: 1930 (राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन) यह हेल्पलाइन 24x7 काम करती है। ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें: www.cybercrime.gov.in पर जाकर आवश्यक विवरण भरें। स्थानीय साइबर सेल या पुलिस स्टेशन में शिकायत करें।

साक्ष्य जुटाएं: स्क्रीनशॉट, ट्रांजैक्शन आईडी, कॉल लॉग्स, चैट्स – सभी सबूत सुरक्षित रखें।

"साइबर दुनिया में सुरक्षा, सतर्कता से ही संभव है। जागरूक नागरिक ही एक सुरक्षित डिजिटल समाज की नींव रखते हैं।" आइए, हम सभी मिलकर साइबर अपराध के विरुद्ध जागरूकता फैलाएं और दूसरों को भी सजग करें। यही हमारी साझा जिम्मेदारी है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर एसडीओपी ने बिटिया के हाथों पौधा लगवाया



दैनिक रणजीत टाइम्स

**संवाददाता जगदीश पाल**

**पिछोर (शिवपुरी) के एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपनी दो साल की बेटी वैदेही शर्मा के हाथों अपने निवास परिसर में जामुन का पौधा लगवाकर एक अनोखा नवाचार किया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित करना है।**

### एसडीओपी शर्मा की पहल

एसडीओपी शर्मा अक्सर नए प्रयोग करते रहते हैं और समाज को जागरूक करने के लिए काम करते हैं। उन्होंने पहले भी स्वस्थ जीवन जीने के लिए 20 किमी साइकिल चलाकर संदेश दिया था और कोचिंग में जाकर छात्रों को करियर मार्गदर्शन भी दिया था। उनकी यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है, बल्कि युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रही है।

### पर्यावरण संरक्षण का महत्व

पर्यावरण संरक्षण हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पौधारोपण से वायु प्रदूषण कम होता है, ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है, और धरती का तापमान कम होता है। इससे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मदद मिलती है और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ भविष्य तैयार होता है।

### आप क्या कर सकते हैं?

आप भी अपने आसपास के क्षेत्र में पौधारोपण कर सकते हैं और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर सकते हैं। अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाकर हम पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

निष्कर्ष- एसडीओपी प्रशांत शर्मा की यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है, बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत बन रही है। हम सभी को उनके इस प्रयास की सराहना करनी चाहिए और पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने स्तर पर योगदान देना चाहिए।

# आज से शुरू होगी साथ दिवसीय भागवत कथा



**ऋषि गोस्वामी**

आज से शिवपुरी, मध्य प्रदेश में श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत होने वाली है, और इसके लिए सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। कथा के आयोजन में भक्तों के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। आयोजन श्री गोरखनाथ समिति ने भक्तों के लिए बैठने की अच्छी व्यवस्था की है, साथ ही पानी, भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी व्यवस्था की गई है। कथा के दौरान धार्मिक अनुष्ठान भी किए जाएंगे। कथा के पहले दिन, कथावाचक श्री [कथावाचक रामेश्वर दास महाराज जी द्वारा भागवत महात्म्य का सुंदर वर्णन किया जाएगा। पर कथा के विवरण और फोटो , भागवत कथा का महत्व सात दिन ही इसलिए करवाया जाता है क्योंकि यह कथा सातवें दिन सांप काटने से मृत्यु का शाप प्राप्त राजा को मोक्ष दिलाती है. कलश यात्रा की शुरुआत कल सुबह 8:00 बजे से चौराहे वाले हनुमान मंदिर से होते हुए श्री गोरखनाथ मंदिर के प्रांगण में पहुंचेगी।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मार्केटिंग सोसायटी में किया वृक्षारोपण



दैनिक रणजीत टाइम्स


विश्व पर्यावरण दिवस एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा' एक पेड़ मां के नाम " के तहत 5 जुन को देश भर में चलाये जा रहे अभियान के तहत सहकारी विपणन समिति हाटपीपल्या( मार्केटिंग सोसायटी ) द्वारा वृक्षारोपण किया गया, इस कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्या अध्यक्ष महेन्द्रपाल सिंह सेंधव एवं उपाध्यक्ष प्रतिनिधी अजय प्रेम जोशी द्वारा नीम का पौधा रोपकर शुभारंभ किया गया ।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय सिंह शक्तावत , पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष केशरसिंह देवगढ़, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बापूलाल धौसारिय, पूर्व संचालक विजेन्द्र पटेल, संचालक देवेन्द्र सेन्धव, शाखा प्रबन्धक कमलसिंह राणावत, अशोक सेन्धव, छोटु वैष्णव , दयाराम माली सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

रणजीत टाइम्स



# भोपाल में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में संगठन सृजन अभियान के तहत राहुल गांधी ने कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की सीख दी















**दैनिक रणजीत टाइम्स**

महू-इंदौर- जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया भोपाल में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में संगठन सृजन अभियान के तहत राहुल गांधी ने कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए सीख दी इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी जिला और ब्लॉक अध्यक्षों एवं एआईसीसी सदस्यों, विधायकों व जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा अब कांग्रेस का कार्यकर्ता ही अपने क्षेत्र के लिए योग्य और ईमानदार उम्मीदवार को चुनने में मदद करेगा इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस कार्यकर्ता को सशक्त बना कर संगठन को मज़बूत करना है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से भारत सरकार में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, वेणुगोपाल, प्रभारी हरीश चौधरी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, विधायक अजयसिंह राहुल भैया, अरुण यादव, जयवर्धन सिंह, कांतिलाल भूरिया, सेवादल प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव, बाला बच्चन, सज्जनसिंह वर्मा,सत्यनारायण पटेल, सह प्रभारी संजय दत्त, विवेक तंखा, गोविंद सिंह, प्रदेश महामंत्री डॉ संजय कांमले,मितेंद्र दर्शन, अवनीश भार्गव, मृणाल पंत, विधायक सुरेंद्रसिंह बघेल, महेश परमार, पूर्व विधायक रवि जोशी, शोभा ओझा,विजयलक्ष्मी साधो,मीनाक्षी नटराजन,बाबू जंडेल, पांचीलाल मेडा, डॉ महेंद्रसिंह,राधेश्याम मुवेल,गजेंद्र सिसोदिया, रघु परमार और महू विधानसभा से जुगनू जादवसिंह धनावत, सिमरोल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सैनी, जीतू ठाकुर, कमल चौधरी,शक्तिसिंह गोयल, बैकुंठ पटेल, गजेंद्रसिंह राठौर, शैलेश जाट, लखन दरबार, घनश्याम यादव, रोहित कागट, ओम पटेल, इत्यादि हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन प्रभारी हरीश चौधरी ने किया और आभार मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने माना।

# किसी भी हितग्राही को कम राशन वितरण न हो-विधायक

**पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने ली उचित मूल्य की दुकानों के विक्रेताओं की बैठक**

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

**जगदीश पाल**

पिछोर (शिवपुरी) गत दिवस खनियाधाना जनपद पंचायत कार्यालय मे पिछोर एवं खनियाधाना के शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के विक्रेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक पिछोर क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी के द्वारा ली गई! जिसमें पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) शिवदयाल धाकड़, तहसीलदार शिवशंकर सिंह गुर्जर, जनपद पंचायत सीईओ मोगराज मीणा, फूड इंस्पेक्टर जयदीप राजपूत, सहित भाजपा के मंडल अध्यक्ष एवं प्रबंधक आदि उपस्थित थे! विधायक द्वारा विधानसभा क्षेत्र पिछोर के सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानदारों के साथ मीटिंग कर जून,जुलाई,अगस्त 2025 तीन माह का राशन सही वितरण किया जा सके जिसकी योजना तैयार



करते हुऐ सभी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि, किसी भी हितग्राही को कम राशन नहीं दिया जाना चाहिए, तथा सभी को समय पर राशन पहुंच जाए इस बात की चिंता हमें सभी को करना होंगी! कोई भी हितग्राही राशन से वंचित न रहें, जिसके लिए विधायक द्वारा एक टोली का गठन किया है जिसमें शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालक,पटवारी, एवं सचिव को रखा गया है, इन सभी की उपस्थिति में ही राशन वितरण किया जाएगा! बहीं अनुविभागिय दंडाधिकारी शिवदयाल धाकड़ द्वारा कहा गया कि जहां-जहां भी यदि राशन वितरण न होने की शिकायत आती हैं तो उन दुकानदारों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जावेगी! इसलिए आप लोग अपना काम ईमानदारी के साथ करें!

# श्री टेकरी सरकार पर होगा सुंदरकांड, छप्पन भोग के साथ विशाल भंडारा




**दैनिक रणजीत टाइम्स**

**जगदीश पाल**

शिवपुरी। शिवपुरी जिले के पिछोर नगर में सिद्ध शक्तिपीठ श्री टेकरी सरकार प्रांगण में हमेशा धार्मिक आयोजनों का सिलसिला चलता रहता है। इसी क्रम में पिछोर के शक्तिपीठ टेकरी सरकार प्रांगण में 8 जून रविवार को भव्य सुंदरकांड, छप्पन भोग एवं विशाल भंडारे का आयोजन सम्मान समारोह के साथ संपन्न होने जा रहा है। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए कार्यक्रम आयोजक राजेश खंडेलवाल अधिवक्ता, कृष्ण द्विवेदी, एवं रोहित पाठक ने संयुक्त रूप से बताया कि पिछोर के श्री टेकरी सरकार मंदिर प्रांगण में क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी के संरक्षण में धार्मिक आयोजन सुंदरकांड, छप्पन भोग एवं सम्मान समारोह के साथ विशाल भंडारे का आयोजन 8 जून रविवार को दोपहर 2:00 बाजे से किया जा रहा है। जिसमें पिछोर नगर के गणमान्य नागरिकों, धार्मिक प्रेमियों , पत्रकार गण एवं श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

# नगर गौरव का प्रथम आगमन...
# साध्वी सिद्धम पूर्णा श्रीजी का 9 जून को भव्य नगर प्रवेश होगा

### सभी धर्म के लोग करेंगे भव्य अगवानी

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

नलखेड़ा - नगर की बेटी एवं तिलगोता परिवार की लाडली संयमी जिसने 2 वर्ष पूर्व सांसारिक सुख, वैभव छोड़कर संयम जीवन पथ पर अग्रसर होकर जैन साध्वी बन सिद्धम पूर्णा श्रीजी नाम पाया था। दीक्षा अंगीकार करने के बाद उनका प्रथम नगर आगमन 9 जून को बडे ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ होगा। जैन समाज सहित सभी धर्म के लोगों द्वारा उनकी भव्य अगवानी की जावेगी। नगर नलखेड़ा का नाम रोशन करने वाली प्रथम दीक्षार्थी जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन जिनशासन को समर्पित करते हुवे गुरु चरणों मे अर्पण कर दिया। राग का त्याग और त्याग का राग यही मुक्ति का मार्ग है, इस भाव से 2 वर्ष पूर्व आपने वैभव पूर्ण जीवन को त्याग कर संयम जीवन का मार्ग चुना था।

## सीए की पढ़ाई छोड़ जैन साध्वी बनी थी

नगर की शान,तिलगोता परिवार की इस बिटिया ने यथा नाम तथा गुण की कहावत को चरितार्थ करते हुए संयमी ने सीए की पढ़ाई छोड़ संयम पद पर चलने को अग्रसर होने का मन कई वर्षों पूर्व बना लिया था। सयंमी तिलगोता ने मार्च 2023 में अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए संयम जीवन में प्रवेश कर नलखेड़ा नगर की धन्य धरा पर विशाल जन समुदाय की उपस्थिति में प.पू. आचार्य विश्वरत्न सागर जी महाराज साहब की पावन निश्रा में जैन दीक्षा ग्रहण कर सागर समुदायवर्ती परम पूज्य गुरुवर्या अमितगुणा श्री जी महाराज साहब की विदुषी शिष्या परम पूज्य अमीपूर्णा श्री जी म.सा. की प्रशिष्या परम पूज्य श्री अर्हता श्री जी म.सा की शिष्या बनी थी।



### नगर की ऐसी लालड़ी बेटी प.पु सिद्धम पूर्णा श्री जी म.सा का दीक्षा के बाद प्रथम नगर आगमन 9 जून को होने जा रहा है

जैन समाज सहित सभी धर्म के नागरिकों द्वारा साध्वी भगवंत का प्रवेश बड़ी ही धूमधाम से करवाया जाएगा। नगर प्रवेश पर रेन बसेरा बस स्टेंड से प्रातः 9:00 बजे बैंड बाजे और ढोल ढमाके के साथ चल समारोह जुलूस निकाला जाएगा। स्थान - स्थान पर समाज जनों के साथ अन्य वर्ग द्वारा अगवानी कर उनके समक्ष गहूली की जावेगी।

# त्योहारों को लेकर पुलिस सतर्क शांति समिति की बैठक आयोजित





**दैनिक रणजीत टाइम्स**

खेतिया । आगामी समय मे होने वाले त्योहारों को शांति, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर के निर्देशन में खेतिया थाना परिसर पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गईं। बैठक में नायब तहसीलदार राजाराम रानाडे व नगर निरीक्षक सुरेन्द्र कनेश ने उपस्थित सदस्यों ,गणमान्य नागरिको को बैठकों का मुख्य उद्देश्य बताते हुए कहा कि त्योहार के अवसर पर कानून व्यवस्था बनाए रखना, सामाजिक सौहार्द को सशक्त करना और जनता के सहयोग से सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करना रहा। अधिकारियों द्वारा सभी प्रतिभागियों को सतर्कता बनाए रखने, किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद से बचने तथा पुलिस प्रशासन को हरसंभव सहयोग प्रदान करने की अपील की गई।

इस अवसर पर साइबर अपराध से बचाव, सृजन अभियान, महिला एवं बाल सुरक्षा, सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित सहायता और ट्रैफिक नियमों के पालन जैसे विषयों पर भी नागरिकों को जागरूक किया गया। उपस्थित सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे न केवल स्वयं सतर्क रहें, बल्कि अपने-अपने क्षेत्रों में अन्य नागरिकों को भी सजग करें।

आपसी सामंजस्य व परस्पर सहयोग से त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के संकल्प के साथ बैठक सम्पन्न हुई,बैठक में विभिन्न धर्म,समुदाय के नागरिकों के साथ नगर परिषद के प्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व मिडिया बन्धु उपस्थित रहे।

### तपोभूमि प्रणेता...

# आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज का नलखेड़ा नगर में होगा 6 जून को भव्य मंगल प्रवेश

### भगवान श्री सुपार्श्वनाथजी के जन्म कल्याण कार्यक्रम में लेंगे भाग

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

**नलखेड़ा ।** तपो भूमि प्रणेता एवं दिगंबर जैन आचार्य 108 प्रज्ञा सागर जी महाराज का नलखेड़ा नगर में 6 जून को भव्य मंगल प्रवेश होने जा रहा है। आचार्य श्री यहां पर श्री सुपार्श्वनाथ जन्म कल्याणक के धार्मिक आयोजन में भाग लेंगे। आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी तपो भूमि उज्जैन से विहार कर कोटा राजस्थान की ओर जा रहे हैं जहां उनका वर्षा योग 2025 महावीर नगर प्रथम विस्तार कोटा में होने जा रहा है। दिगंबर जैन समाज नलखेड़ा के विपिन पाटनी ने बताया कि विहार के दौरान दिगंबर जैन समाज नलखेड़ा के समाज जनों द्वारा आचार्य श्री के पास पहुंचकर उन्हें श्रीफल भेंट कर भगवान श्री सुपार्श्वनाथजी के जन्म कल्याणक के धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने हेतु नलखेड़ा पधारने की विनंती की गई।



इस पर आचार्य श्री ने समाज जनों की भावनाओं को देखते हुए नलखेड़ा आने की अपनी स्वीकृति प्रदान की गई। आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी 5 जून को आमला पहुंचेंगे। जहा आचार्य श्री की आहारचर्या का कार्यक्रम सुसनेर रोड स्थित जैन उपाश्रय में होगा। यहां से आचार्य श्री सुईगांव,गुदरावन होते हुए 6 जून को नलखेड़ा पहुंचेंगे। जहां समाज जनों द्वारा लखुंदर नदी के समीप से आचार्य श्री की भव्य अगवानी करते हुए बैड़ बाजे और ढोल ढमाके के साथ चल समारोह निकाल कर आचार्य श्री व दो मुनि भगवत तथा क्षुल्लकजी का नगर प्रवेश करवाया जाएगा। 7 जून को श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर चौक बाजार में आचार्य श्री के पावन सानिध्य में भगवान श्री सुपार्श्वनाथजी का जन्म कल्याणक कार्यक्रम समाज जनों द्वारा बड़े ही हर्षोउल्लास व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। ज्ञात रहे कि आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी ने अपने 2024 के वर्षायोग झालरापाटन के लिए तपोभूमि से विहार करते समय पर्यावरण संरक्षण के लिए एक करोड़ वृक्ष लगाने का संकल्प लेकर अपनी पर्यावरण यात्रा उज्जैन से प्रारंभ की थी।



आचार्य श्री द्वारा स्थान - स्थान पर सर्वधर्म सभा के माध्यम से प्रकृति को सहने का संदेश देते हुए वृहद रूप से पौधा रोपण भी करवाया गया था। आचार्य श्री ने अपनी विहार यात्रा के दौरान सुसनेर नगर में भी जुलाई 2024 मैं सर्वधर्म समाज के लोगों को साथ लेकर भव्य पर्यावरण यात्रा निकालकर 1008 पौधों का पौधारोपण करवाया गया था। आचार्य श्री द्वारा नलखेड़ा नगर में भी पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जा सकते हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर परिषद राजगढ़ द्वारा रेलिया डेम पर किया गया पौधारोपण एवं 5 हजार पौधे लगाए जाने का लिया संकल्प



**दैनिक रणजीत टाइम्स**

राजगढ़ I शासन के आदेश एवं निर्देशाअनुसार नगर परिषद राजगढ़ द्वारा अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति आशा परमार,सीएमओ श्रीमति आरती गरवाल, अध्यक्ष श्रीमती सवेरा महेश जी जायसवाल के निर्देशन में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अमृत 2.0कार्यक्रम के तहत अमृत मित्र योजना अंतर्गत women for Trees campaign के तहत निकाय की स्वयं सहायता समूह की महिलाओ के माध्यम से 300 पौधे निकाय के रेलियां डेम पर लगाए गए ।स्वयं सहायता समूह की महिलाओ द्वारा उक्त पौधों को जीवित रखने का भी संकल्प एवं शपथ ली गई तत्पश्चात चाय,बिस्किट वितरित किए गए साथ ही निकाय के टेंचिंग ग्राउंड पर भी पौधा रोपण किया गया व टेंचिंग ग्राउंड पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भ्रमण कराया गया व अपने आस पास साफ सफाई रखने हेतु शपथ दिलवाई गई।उक्त कार्यक्रम में निकाय के समस्त पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण व निकाय के अधिकारी,कर्मचारी एवं स्टार वेस्ट मैनेजमेंट एंड सर्विसेस के कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा मण्डल ने किया पौधरोपण



**दैनिक रणजीत टाइम्स**

पिपलौदा । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा मण्डल द्वारा जिला दिव्यांग छात्रावास परिसर में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दोरान कोषाध्यक्ष कचरुलाल जाट, उपाध्यक्ष भंवरलाल धनगर, इंद्रजीत सिंह सिसोदिया, सह प्रभारी धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, देवेंद्र भारद्वाज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की प्रेरणा मिली उनके इस अभियान के तहत आज देशभर में एक साथ पौधरोपण किया जा रहा है कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रभारी महेश बोहरा ने बताया की कोरोना काल मे ऑक्सीजन की कमी ने हमे पेड़ो के महत्व से भलीभांति परिचय करवाया है इस अभियान के तहत हम सब मिलकर एक पेड़ जरूर लगाए व उसके संरक्षण का संकल्प ले। आभार सह प्रभारी प्रहलाद पाटीदार ने माना। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी प्रफुल जैन द्वारा दी गई। इस अवसर पर सेवानीवर्त एसआई लालसिंह डोडिया, भाजपा के गिरधारीलाल माली, राजेश माली, गोपाल पटेल, मांगूसिंह चौहान, सरपंच प्रह्लाद शरण, बालाराम पाटीदार, महेंद्र भारती एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धतुरिया पंचायत में भ्रष्टाचार का बोल-बोला, कागजो पर विकास ओर फर्जी बिलो की भरमार !

## ग्रामीणों ने उठाया मामला, कहा 140 से अधिक फर्जी बिलो का हुआ अनियमित भुगतान शिकायत कर्ताओ को धमकाने के लिए सचिव भीमसिंग पालता है नशेड़ी गुंडे -



**दैनिक रणजीत टाइम्स**

पेटलावद I ग्राम पंचायत धतुरिया में भ्रष्टाचार के मामले चरम पर है, यहां ग्राम पंचायत सरपंच और सचिव की मिलीभगत से जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा सरपंच और सचिव के भ्रष्टाचार की पोल खोलते हुए 140 से अधिक फर्जी बिलों का अनियमित भुगतान करने का आरोप लगाया है। ग्राम पंचायत में जब से सचिव भीम सिंह कटारा ने पदभार लिया है तब से मानो पंचायत में सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार किया जा रहा है। पंचायत के विकास को लेकर कोई काम नहीं किए जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में ग्रामीण अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत सरपंच और सचिव भीमसिंह के द्वारा मिलीभगत कर फर्जी बिलों का अनियमित भुगतान किया जा रहा है, लाखों रुपए का फर्जीवाड़ा कर सरपंच और सचिव ने फर्जी बिलो को पास कर दिया। पंचायत में कोई काम नहीं किये जा रहे हैं, जबकि कागजों पर काम दिखाकर फर्जी बिलों का भुगतान किया जा रहा है। 140 से अधिक ऐसे बिल




है जो सचिव और सरपंच के कारनामे की पोल खोलते हुए नजर आ रहे हैं। पंचायत द्वारा इलेक्ट्रिक सामानों की खरीदी में भी जमकर भ्रष्टाचार किया है जो सामान कम दर पर मिल सकता है। उसकी अधिक दर बताकर बाजार से खरीदा गया है। सीधे तौर पर साफ प्रतीत हो रहा है कि सरपंच और सचिव मिलकर शासन के रुपयों को लूटने का काम कर रहे हैं। यहां तक की पंचायत क्षेत्र में निर्माण कार्य शुरू भी नहीं हुए उनके भी पैसे निकाल लिए और आधे से ज्यादा निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं। उनकी भी राशि का आहरण कर लिया गया। पंचायत में चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है लेकिन जिम्मेदार सचिव और सरपंच अपनी मस्ती में मस्त है। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत में महिला सरपंच है लेकिन सरपंच पति ही पूरा काम करता है यंहा तक कि शासकीय कागजो पर होने वाले सरपंच के हस्ताक्षर भी सरपंच ना करते हुए सरपंच पति हस्ताक्षर करता है।

ग्राम पंचायत धतुरिया का सचिव भीमसिंह आदतन भ्रष्ट है, पूर्व में भी सचिव पर कई आरोप लगे है। जंहा भी रहा विवादों में रहा है। सचिव अपने खिलाफ कोई शिकायत होते देख अपने आसपास नशेड़ी गुंडो को तैनात कर देता है और वह नशेड़ी गुंडे सचिव के इशारों पर काम करते हैं। शिकायतकर्ताओं को दबाने के लिए नशेड़ी गुंडो को आगे कर उनसे शिकायतकर्ताओं को धमकता है। सचिव भ्रष्टाचार में कमाए हुए पेसो का एक हिस्सा इन नशेड़ियों पर शराब, शबाब ओर कबाब के नाम पर उड़ाने के लिए रखता है। इसलिए यह नशेडी सचिव के आगे पीछे धूम हिलाते हुए शिकायतकर्ता को धमकाने के लिए तैयार हो जाते हैं।

अगले अंक में पड़े फर्जी बिलो का कैसे हुआ भण्डारा, किस-किस को मिला प्रसाद... फर्जी फर्मो के नाम और बिलो का खुलासा....

# तेज हवा के साथ आई बारिश ने मचाया तांडव

दैनिक रणजीत टाइम्स

खेतिया । 4:30 बजे से चली तेज हवाओं के साथ आई बारिश ने शहर की फिजा को बदल दिया। शहर में कई जगह पेड़ धराशाई हो गए हैं वहीं एक पेड़ बिजली के खम्भे पर जा गिरा है।हवा का वेग अत्यधिक था जिसके चलते कुछ देर लोगों को समझ ही नहीं आ पा रही थी कि यह हो क्या रहा है? खेतिया शहर के गांधी मार्ग स्थित स्व0श्री गोविंद बाबा जी के निवास के



पास खड़ा पुराना नीम का पेड़ धराशाई हो गया है वहीं नगर पालिका,अस्पताल, न्यायालय, विश्राम गृह के पास के पेड़ भी गिर गए हैं पुलिस थाने में पेड़ पुलिस के पेट्रोलिंग वाहन पर गिरा। तेज हवा के साथ आई बारिश ने काफी नुकसान किया है कृषि उपज मंडी समिति में बिखरा मक्का भीग गया है।मप्र महाराष्ट्र की सीमा पर लगा बोर्ड गिर गया जिससे मार्ग बन्द हो गया,शहर में तेज हवाओं के चलने से कई मकानों को नुकसान पहुंचा, मकान का छज्जा गिरने से कार चपेट में आई,एक मोटरसाइकिल भी प्राथमिक विद्यालय चावड़ी भवन पर पेड़ गिर गया,पतरे उखड़ गए,शहर में अनेक जगह पेड़ गिरने से नुकसान हुआ है,,नगर परिषद व पुलिस टीम अंतरराज्जीय सीमा पर गिरे बोर्ड को हटाकर यातायात बहाल करने में जुटी है,JCB से सड़क पर गिरे पेड़ को हटाया जा रहा,,तेज हवाओं के चलने से शहर में बहुत अधिक नुकसान हुआ है,,,फ़िलहाल कोई जनहानि की सूचना नही है।

## देश भक्ति रचनाओं ने समां बाँधा



दैनिक रणजीत टाइम्स

नागदा जं. । मंत्रणा साहित्यक संस्था नागदा के तत्वावधान में श्री विश्वकर्मा मंदिर परिसर में पहलगाम की घटना पर देशभक्ति से पूर्ण सरस काव्य संध्या का आयोजन अजय नागर के मुख्य आतिथ्य, कृष्णचंद्र पुरोहित की अध्यक्षता एवं डॉ अनिल दुबे, सुरेश रघुवंशी, पत्रकार कैलाश सनोलिया के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ।

काव्य संध्या में यशवंत दीक्षित, सुंदरलाल जोशी 'सूरज', राजेन्द्र कांठेड़, डॉ. लक्ष्मीनारायण सत्यार्थी, हरचरणसिंह चावला, कैलाश सोनी सार्थक, कमलेश शुक्ल 'कमल', मदन रावल मस्ताना, निर्भयसिंह रघुवंशी, अशोक शर्मा मृदुल, अशोक गौर गौरव, पुखराज पथिक, सुंदरलाल उपाध्याय, गोपाल सुनहरे, देवसिंह गुर्जर, राजेश रंगीला, आनंद धीमन, सुनील व्यास, फारुख हुसैन, मुकेश पुरोहित आदि सभी कलमकारों ने पहलगाम की घटना पर देश भक्ति की रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर स्वर्गीय सुनील जी रांका के काव्य संग्रह ''रांका के दोहे'' का संपादन करने के लिए सुंदरलाल जोशी 'सूरज' का अभिनंदन किया गया। निवृत्तमान अध्यक्ष सुरेश रघुवंशी का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। साथ ही काव्य संध्या कार्यक्रम में रामचन्द्र विश्व कर्मा, नीलेश मेहता, दीपक रावल, राजेन्द्र जी पोरवाल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का काव्यात्मक संचालन कैलाश सोनी सार्थक ने किया एवं अंत में आभार जनक पुरोहित माना।

## नेत्रदान कर मानवता की मिसाल बने नारायणलाल भटेवरा

दैनिक रणजीत टाइम्स

रतलाम । रतलाम के बिचलावास निवासी स्व. नारायणलाल भटेवरा के असामयिक निधन के उपरांत, उनके परिजनों ने एक अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक निर्णय लेते हुए नेत्रदान (कॉर्निया दान) की स्वीकृति प्रदान की। इस मानवीय कार्य की पहल नेत्रम संस्था के श्री ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा की गई, जिन्होंने शोकाकुल परिवार को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। स्व. भटेवरा के पुत्र नरेश भटेवरा, सुरेश भटेवरा एवं राकेश भटेवरा सहित समस्त परिजनों की सहमति के पश्चात, नेत्रम संस्था ने रतलाम मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. अनीता मुथा को इसकी सूचना दी।

डॉ. मुथा के निर्देशानुसार, नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ. रिशेन्द्र सिसोदिया के





नेतृत्व में नर्सिंग ऑफिसर विनोद कुशवाह एवं भावना खन्ना, तथा तुलसीराम खतीजा के सहयोग से नेत्र संग्रहण की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। टीम को भटेवरा निवास तक पहुँचाने एवं वापसी की व्यवस्था श्री शुशील (मीनु) माथुर द्वारा अपने निजी वाहन से की गई। इस नेक कार्य के दौरान नेत्रम संस्था के सदस्यगण – हेमन्त मूणत, नवनीत मेहता, ओमप्रकाश अग्रवाल, भगवान ढलवानी, गिरधारीलाल वर्धानी,सुशील(मीनु) माथुर राजेश दुबे, शिवम दशोत्तर, हितेश चूंडावत, पंकज दुबे एवं दुर्गेशपाल सिंह शामी – भी उपस्थित रहे। नेत्रम संस्था ने भटेवरा परिवार के इस प्रेरणास्पद निर्णय के प्रति गहरा आभार व्यक्त करते हुए इसे समाज के लिए एक अनुकरणीय मिसाल बताया। यह नेत्रदान दो जरूरतमंदों को नई रोशनी देगा एवं समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

## न्यायधीशों ने पर्यावरण दिवस पर पौधा रोपण किया गया

आने वाली पीढ़ी को संतुलित एवं स्वच्छ वातावरण मिले.एडीजे वर्मा अपने जीवन काल में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना चाहिए न्यायालय भवन में भी 20 गमलों में फूलों वाले पोधे लगाए

दैनिक रणजीत टाइम्स

खाचरोद । अंतराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर खाचरोद न्यायालय परीसर में खाली जगह में पौधा रोपण किया गया, जहा प्रथम जिला न्यायाधीश श्रीमती नीतू कांता वर्मा एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड श्रीमती शैफाली सिंह, अभिभाषक संघ खाचरोद के अध्यक्ष प्रवीण पंड्या, एजीपी रजनीश उपाध्याय सहीत सभी वरीष्ठ अभिभाषक व न्यायालय के कर्मचारीगण द्वारा नीम, जामफल, आंवला, शीशम, गुलमोहर, करंज तथा अन्य फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया। साथ ही न्यायालय भवन व हाल को हरा भरा रखने के लिए अभिभाषक संघ खाचरोद द्वारा प्रदान किए गए 20



गमलों में भी फूलों वाले तथा सुशोभित पौधों का रोपण किया गया। रोपित किए गए पौधों की जिम्मेदारी इनके बड़े होने तक उठाने हेतु संकल्पित किया गया। कहा कि अपने आसपास के पौधों की हमे देखरेख करना चाहिए, जिससे हम



श्रीमती नितुकांता वर्मा, एडीजे, खाचरोद

सबकी आने वाली पीढ़ी को संतुलित एवं स्वच्छ वातावरण मिल सके। सबको अपने जीवन काल में ज्यादा से ज्यादा पोधे लगाना चाहिए तथा उनके बड़े होते तक उनकी देखरेख भी करनी चाहिए।

## महेश नवमी पर माहेश्वरी समाजजनो ने निकाला भव्य चल समारोह समाज के मेघावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

दैनिक रणजीत टाइम्स



नागदा जं. I माहेश्वरी समाज के आराध्य देव भगवान महेश नवमी पर बुधवार को समाजजनों द्वारा विभिन्न आयोजन किए गए। इसके साथ ही चार दिवसीय महेश नवमी उत्सव का समापन भी हुआ। आयोजन के तहत रक्तदान शिविर, वाहन रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, चल समारोह, मेद्यावी विद्यार्थियों का सम्मान आदि आयोजन हुए। बुधवार की सुबह सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, जिसमे समाजजनों ने धार्मिक व देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति दी। शाम को समाजजनो द्वारा भव्य चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से निकाला गया। चल समारोह के पश्चात् समाज के मेद्यावी विद्यार्थियों का सम्मान हुआ। कार्यक्रम में बडी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

समाज के सचिव प्रतीक गगरानी ने बताया कि चल समारोह शाम 5 बजे कृषि उपज मंडी से प्रारंभ हुआ, जो थाना चौराहा, एमजी रोड, कन्याशाला चौराहा, जवाहर मार्ग, पुराना बस स्टैंड होते हुए माहेश्वरी भवन पहुंचा। चल समारोह में उज्जैन का भस्म रमैय्या मंडल व शिव पार्वती आकर्षण का केन्द्र रहे। चल समारोह में भगवान महाकाल की झांकी, बग्घी भी शामिल हुई। चल समारोह का जगह-जगह विभिन्न संस्था संगठनों एवं राजनैताओं ने स्वागत किया। रात 8 बजे चल समारोह माहेश्वरी भवन में पहुंचा। चल समारोह में पुरूषों के अलावा महिला भी शामिल हुई। समाजजन भगवान भोले के भजनों पर थिरकते रहे। चल समारोह में समाज अध्यक्ष घनश्याम राठी, कोषाध्यक्ष सौरभ मोहता, गोविंदलाल मोहता, प्रकाश माहेश्वरी, सतीश बजाज, गोपाल मोहता ज्योति मोहता, सीमा मालपानी, बसंत मालपानी, मनोज राठी बारदान, घनश्याम राठी, ब्रजमोहन राठी, जमना मालपानी, नंदकिशोर मालपानी, विरेन्द्र मालपानी, राजेश मोहता, प्रशांत राठी, प्रतीक सोडानी, गोपाल गट्टानी, अतुल मालपानी आदि सहित बडी संख्या मे समाजजन मौजूद थे।

बुधवार सुबह आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाजजनों ने कविता व डांस की प्रस्तुती दी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मनासा विधायक अनिरूध्द माधव मारू मौजूद रहे। शाम को बोर्ड परीक्षा में उच्च स्थान प्राप्त व उच्च शिक्षा की डिग्री हासिल करने वाले समाज के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अतिथि मप्र पश्चिम अंचल माहेश्वरी महासभा के मानद मंत्री अजय झवर, रतलाम जिला माहेश्वरी समाज के सचिव जितेन्द्र तोसनीवाल मौजूद थे।

# मध्य प्रदेश बनेगा देश का स्पिरिचुअल और वेलनेस हब -प्रमुख सचिव श्री शुक्ला

दैनिक रणजीत टाइम्स

उज्जैन I प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व और प्रबंध संचालक एमपी टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश की यात्रा ही अपने आप में वेलनेस है। प्रकृति की गोद में बसे मध्यप्रदेश में पचमढ़ी, अमरकंटक जैसे पर्यटन स्थल और विविध वन्य जीव से सुशोभित राष्ट्रीय पार्क और अभ्यारण्य जहां पर्यटकों को सुकून और शांति का अनुभव का अनुभव कराते है। वहीं उज्जैन, मैहर, और ओंकारेश्वर जैसे धार्मिक स्थल पर्यटकों और श्रद्धालुओं को आध्यात्म और आनंद की अनुभूति कराते है। आगामी समय में मध्यप्रदेश देश का स्पिरिचुअल और वेलनेस हब बनेगा। प्रमुख सचिव श्री शुक्ला उज्जैन में स्पिरिचुअल और वेलनेस समिट के दौरान पैनल डिस्कशन में निवेशकों से चर्चा कर रहे थे। "आइडियेटिंग द पार्टनरशिप मॉडल" विषय पर निवेशकों और हितधारकों ने उज्जैन को आध्यात्मिक और वेलनेस केंद्र के रूप में स्थापित करने की संभावनाओं और सिंहस्थ के दौरान उज्जैन में निवेश के अवसरों पर चर्चा की।

प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने निवेशकों को बताया कि किसी की श्रेत्र में निवेश के लिए निवेशकों को 4 सी की आवश्यकता होती है। पहला सी है कनेक्टिविटी जिसमें मध्यप्रदेश देश में सेंट्रली लोकेटेड है और देश का पहला राज्य है जो इंट्रा स्टेट एयर कनेक्टिविटी से जुड़ा हुआ है। प्रदेश में 8 एयरपोर्ट संचालित है। दूसरा सी है क्लाइमेट, मध्यप्रदेश का मौसम हर पर्यटक को भाता है। तीसरा सी है क्लीन, प्रदेश की राजधानी भोपाल देश की स्वच्छतम राजधानी है। साथ ही इंदौर भी देश का स्वच्छतम शहर बना हुआ है। और आखिरी सी है कैश, प्रदेश की निवेश अनुकूल नीतियां, आकर्षक सब्सिडी और सिंगल विंडो परमिशन आदि निवेशकों के लिए लाभकारी है। यह सभी सी मध्यप्रदेश में है और सभी निवेशक अपनी आवश्यकता और सुविधा अनुरूप निवेश कर सकते है। मध्यप्रदेश शासन अपनी हर कदम पर मदद के लिए हमेशा तैयार है। इसके पहले, प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से मध्यप्रदेश की प्राकृतिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विशेषताओं को निवेशकों को अवगत कराया।




प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन श्री राघवेंद्र सिंह ने पैनल डिस्कशन के पहले इंट्रोडक्टरी सेशन में स्पिरिचुअल और वेलनेस समिट के उद्देश्यों और आयोजन की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उज्जैन न सिर्फ मध्यप्रदेश का बल्कि देश का आध्यात्मिक केंद्र है। यह समिट प्रदेश में वेलनेस पर्यटन और संबंधित उद्योगों को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण मंच है। इसका उद्देश्य निवेशकों को आकर्षित कर उज्जैन और पूरे मध्य प्रदेश को एक प्रमुख वेलनेस हब के रूप में स्थापित करना है। इस पहल से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

कलेक्टर उज्जैन श्री रोशन कुमार सिंह ने सिंहस्थ 2028 के लिए उज्जैन में प्रस्तावित विकास कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि देश की धार्मिक नगरी का तेजी से विकास किया जा रहा है। सिंहस्थ 2028 के दौरान श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए हर आवश्यक कार्य किया जा रहे है। कलेक्टर श्री सिंह ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से शिप्रा नदी को अविरल और प्रवाहमान बनाए रखने की योजना, आवागमन को सुगम और गतिशील बनाए रखने के कार्य, नागरिक सेवाएं विकास कार्य, सांस्कृतिक उन्नयन और विकास कार्य सहित कपिल गौशाला और आईटी पार्क निर्माण के साथ उज्जैन के समग्र विकास की योजना प्रस्तुत की। स्प्रिचुअल हब और वेलनेस सेंटर की स्थापना के लिए उज्जैन में 10 लाख स्क्वायर फीट के रेडी टू मूव प्लॉट्स उपलब्ध है।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

## कलेक्टर सुश्री बाफना ने सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया

दैनिक रणजीत टाइम्स

शाजापुर I कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने उज्जैन में लगने वाले सिंहस्थ-2028 को दृष्टिगत रखते हुए आज शाजापुर जिले के रेलवे स्टेशन मक्सी, मक्सी उज्जैन मार्ग, प्रस्तावित फुट ओवर ब्रिज निर्माण, रेल्वे ओवर ब्रिज, आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मक्सी रेलवे स्टेशन की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए दोनों प्लेटफार्म से नेशनल हाईवे को जोड़ने के लिए सर्विस रोड़ के निर्माण की आवश्यकता को लेकर निरीक्षण किया। साथ ही पीडब्ल्यूडी, एमपीआरडीसी, रेलवे अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग कार्यपालन यंत्री श्री हर्षवर्धन सिंह, नायब तहसीलदार श्री जितेन्द्र चौरसिया, नगरपषिद मक्सी सीएमओ श्री अशफाक खान, स्टेशन मास्टर श्री मुकेश जैन, सहायक यंत्री रेलवे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर नेहरू पार्क स्थित सिंदूर वाटिका में पौधारोपण

**मंत्री, महापौर द्वारा एक पेड मां के नाम अभियान की शुरूआत**

## संकल्प के साथ इंदौर को हरियाली से करेगे आच्छादित- मंत्री

## इंदौर के तापमान को कम करने के लिये पौधारोपण आवश्यक

**जन भागीदारी से शहर को हरियाली के क्षेत्र में नंबर वन बनाएगे- पुष्य मित्र भार्गव, महापौर**





**दैनिक रणजीत टाइम्स**

इंदौर । जनकार्य एवं उद्यान प्रभारी राजेन्द्र राठौर ने बताया कि एक पेड मां के नाम अभियान के कम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संकल्पना के तहत आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज 51 लाख वृक्षारोपण के दृढ संकल्प के साथ मान. नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय , जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट व महापौर पुष्यमित्र भार्ग द्वारा नेहरू पार्क में पौधारोपण कर अभियान की शुरूआत की गई।

सांसद शंकर लालवाीन, विधायक रमेश मैन्दोला, श्री महेन्द्र हार्डिया, गोलु शुक्ला, सभापति मुन्नालाल यादव, आयुक्त शिवम वर्मा, संभाग प्रभारी राघवेन्द्र गोतम, भाजपा नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर परिषद सदस्य राजेन्द्र राठौर, नंदकिशोर पहाडिया, अभिषेक शर्मा, मनीष शर्मा, निरंजनसिंह चौहान, अश्विनी शुक्ल, सचेतक कमल वाघेला, पार्षद गण, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, बडी संख्या में विभिन्न संगठनो के पदाधिकारी व विद्यार्थीगण द्वारा भी नेहरू पार्क में बनाए सिंदूर वाटिका, आम वाटिका में 1100 से अधिक पौधो का रोपण किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार महापौर परिषद सदस्य व क्षेत्रीय पार्षद नंदकिशोर पहाडिया ने माना तथा अतिथियों द्वारा उद्यान विभाग के 5 अधिकारी/कर्मचारियो का नेहरू पार्क में सहरानीय कार्य करने पर शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।



नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस पर आप सभी को बहुत-बहुत बधाई, उन्होने कहा कि हम उस समाज हैं जहां पेड़ हमको ऑक्सीजन देता है हम उसकी पूजा करते हैं, नदिया हमको पानी देती है हम उनकी पूजा करते है, हमारे जीवन में हमे कभी ऋणी नही रहना चाहिये, जो हमें कुछ देता है, उसे हमें भी कुछ देना चाहिये, एक पेड़ मां के नाम अभियान के क्रम में हमारे देश के प्रधानमंत्री ने आज सिंदूर के वृक्ष को अपने आंगन में लगाया है, साथ ही अरावली पर्वत को पूरा ग्रीन करने का संकल्प लिया है, यह बहुत ही बड़ा संकल्प है। हमने विगत वर्ष में शहर के रेवती रेंज पहाडी पर 12 लाख 40 हजार से अधिक पौधे एक ही दिन में रोपे थे, जो अभी वर्तमान में भी निगम के सहयोग से जीवित है, मैं महापौर को धन्यवाद देता हूं। शहर के तापमान को कम करने के लिये आवश्यक है कि हम इंदौर व इंदौर के आस-पास वृहद स्तर पर पौधारोपण करे व उनका संरक्षण करे, ताकि इंदौर शाम को फिर से जो मालवा की शाम शब ए मालवा कहते हैं व सार्थक हो सके।

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान हमारे देश के गौरव मान. प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री का संकल्प है, आज शहर के मध्य सबसे पुराने उद्यान नेहरू पार्क में आज पौधारोपण अभियान की शुरूआत की जा रही है, उन्होने महापौर अनुरोध किया है कि पूरे इंदौर में लगभग लगभग 1300 उद्यान है क्यों ना एक बार एक साथ 1300 उद्यान में वृक्षारोपण किया जावे, एक पेड मां के नाम अभियान के क्रम में इस पौधारोपण अभियान को जन आंदोलन बनाकर इंदौर के पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में हरियाली से आच्छादित किया जावे।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि मंत्री विजयर्गीयजी के नेतृत्व में विगत वर्ष 51 लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया था और उसे संकल्प को आगे बढ़ते हुए आज उनकी उपस्थिति में इस अभियान की शुरुआत भी हो रही है और इसमें इस वर्ष नगर निगम का जो लक्ष्य 15 लाख का वह हम आने वाले समय में जन भागीदारी से जन सहयोग से पूरा करेंगे यह हरियाली केवल पेड़ लगाने के लिए नहीं है यह हरियाली आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ वायु देने में भी नंबर वन बनाने का प्रयास है, क्योंकि इंदौर ने हमेशा भविष्य के बारे में सोचा है आज पर्यावरण दिवस के अवसर पर इस ग्रीन इंदौर के अभियान की शुरुआत की मैं आपको बधाई देता हूं और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने आज अपने घर में गुजरात की बहनों ने जो उन्होंने सिंदूर का पौधा दिया था ,वह सिंदूर का पौधा लगाकर एक पेड़ मां के नाम इस वर्ष के अभियान की भी शुरुआत की है। हमारे मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने भी पूरे मध्य प्रदेश में पर्यावरण की दृष्टि से और वैलनेस की दृष्टि से आज उज्जैन में एक बड़ा कनफ्लिक्ट आयोजित किया है।

है मैं उनका भी अभिनंदन करता हूं और कैलाश को तुलसी सिलावट और सांसद को यह विश्वास दिलवाता हूं कि इंदौर की जनता नगर निगम की पूरी टीम अपने हर बगीचे में हर ग्रीन बेल्ट में जन भागीदारी से शहर को ग्रीन बनाने के अभियान में नंबर वन स्थान प्राप्त करेगी। जनकार्य व उद्यान प्रभारी राजेन्द्र राठौर ने बताया कि आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर . महापौर व अन्य द्वारा नेहरू पार्क में बनाये सिंदूर वाटिका व आम वाटिका सहित पूरे उद्यान में 1100 से अधिक छायादार व फलदार पौधो का रोपण किया गया।



# मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस पर दताना एयर स्ट्रीप पर सिंदूर के पौधे का रोपण किया

## मुख्यमंत्री डॉ यादव का उज्जैन आगमन पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया

**दैनिक रणजीत टाइम्स**



उज्जैन । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस पर उज्जैन में दताना एयर स्ट्रीप पर सिंदूर के पौधे का रोपण किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सभी प्रदेशवासियों को मानव जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उज्जैन स्थित दताना एयरस्ट्रिप आगमन पर प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल,विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा,जनप्रतिनिधि श्री संजय अग्रवाल,श्री रवि सोलंकी,संभागायुक्त श्री संजय गुप्ता,कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह,पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा और गणमान्य नागरिकों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया ।